भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *272
गुरुवार, दिनांक 11 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा योजना</u>

*272. श्री भागीरथ चौधरीः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में खेतों में अवस्थित समस्त अविद्युतीकृत ढाणियों को सौर ऊर्जा योजना/मिशन के माध्यम से बिजली प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो राजस्थान सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त योजना/मिशन के माध्यम से खेतों में सौर प्रणाली प्रदान करने हेतु कोई मानदंड निर्धारित किये गये हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम के अंतर्गत राजस्थान में उक्त योजना किन कंपनियों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है; और

(घ) क्या इन कंपनियों के विरुद्ध कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर. के. सिंह)

(क) से (घ): एक विवरण सदन पटल पर रखा गया है।

विवरण

'सौर ऊर्जा योजना' के संबंध में पूछे गए दिनांक 11.07.2019 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 272 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): भारत सरकार ने वैसे अविद्युतीकृत परिवारों, जहाँ ग्रिड विस्तार व्यवहार्य अथवा किफायती नहीं है, में सौर ऊर्जा आधारित स्टैण्ड-एलोन प्रणाली के प्रावधान के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सभी परिवारों और शहरी क्षेत्रों के सभी गरीब परिवारों को लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण हेतु प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना – "सौभाग्य" की शुरुआत की है।

(ग) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार सौभाग्य योजना के अंतर्गत अजमेर डिस्कॉम और जोधपुर डिस्कॉम में सौर घरेलू रोशनी प्रणालियों को उपलब्ध कराने का कार्य निम्नलिखित कंपनियों को प्रदान किया गया था:-

I. अजमेर डिस्कॉम

क्र.सं.	कंपनी का नाम	शामिल किए गए जिले
1	मैसर्स एक्सेस सोलर लि., हैदराबाद	अजमेर, भीलवाड़ा और सीकर
2	मैसर्स यूएम ग्रीन लाइटिंग प्रा. लि., नई दिल्ली	बांसवाड़ा
3	मैसर्स प्रीमियर सोलर सिस्टम्स (प्रा.) लि., सिकन्दराबाद	चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और राजसमंद
4	मैसर्स ट्रोम सोलर, गांधीनगर संयुक्त उद्यम में मैसर्स कोज पावर के साथ	उदयपुर
5	मैसर्स नोवस ग्रीन एनर्जी सिस्टम्स लि., सिकन्दराबाद	उदयपुर
6	मैसर्स गणेश इलेक्ट्रिकल्स, अहमदाबाद	उदयपुर
7	मैसर्स एसजी एंटरप्राइजेज, रांची	उदयपुर
8	मैसर्स सीएसए कॉर्पोरेशन प्रा. लि., नई दिल्ली संयुक्त उद्यम में मैसर्स ई-शॉर्प सोलर के साथ	उदयपुर
9	मैसर्स सोलेक्स एनर्जी लि., आनन्द	उदयपुर
10	मैसर्स राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लि., जयपुर	उदयपुर
11	मैसर्स कोसोल एनर्जी प्रा. लि., अहमदाबाद	उदयपुर

II. जोधपुर डिस्कॉम

क्र.सं.	कंपनी का नाम	शामिल किए गए जिले
1	मैसर्स गणेश इलेक्ट्रिकल्स, अहमदाबाद	जोधपुर, पाली, सिरोही, जालौर
2	मैसर्स एसजी एंटरप्राइजेज, रांची	जैसलमेर
3	मैसर्स सोलेक्स एनर्जी लि., आनन्द	बाड़मेर
4	मैसर्स कोज पावर प्रा. लि., अहमदाबाद	बाड़मेर
5	मैसर्स कासल एनर्जी प्रा. लि., अहमदाबाद	बीकानेर
6	मैसर्स राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक एंड इंस्ट्रूमेंटेशन लि., जयपुर	चुरु, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़

(घ) संबंधित डिस्कॉम्स से इन कंपनियों के विरुद्ध कोई शिकायतें प्राप्त न होने की सूचना मिली है।

*****